भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3348
उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
सोमवार, 25 अग्रहायण 1946 (शक)

पीएम कौशल केन्द्रों की स्थिति

3348. श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आन्ध्र प्रदेश के बापटला जिले में प्रधान मंत्री कौशल केन्द्र (पीएमकेके) है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने जिलों में पीएमकेके कार्यरत हैं;

(ग) उक्त योजना के आरंभ होने से लेकर अब तक देश भर में पीएमकेके में क्षेत्र-वार कुशल और नियोजित लोगों की राज्य-वार और जिला-वार संख्या कितनी-कितनी हैं; और

(घ) विगत दस वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर बापटला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीएमकेके हेतु राज्य-वार और जिला-वार कितनी निधि का आवंटन और उपयोग किया गया?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) वर्तमान में, आंध्र प्रदेश राज्य के बपातला संसदीय क्षेत्र में एक प्रधानमंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) क्रियाशील है। बपातला संसदीय क्षेत्र की प्रशिक्षण संख्या प्रकासम जिले के अंतर्गत दर्ज की जाती है। क्रियाशील प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों (पीएमकेके) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार विवरण **अनुबंध- I** में दिया गया है, जो मंत्रालय

की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/loksabha पर उपलब्ध है।

(ग) पीएमकेवीवाई योजना के अंतर्गत, इस योजना के पहले तीन चरणों में अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) घटक में नियोजन को ट्रैक किया गया था, जो कि पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 है, जिन्हें वित्त-वर्ष 2015-16 से वित्त-वर्ष 2021-22 तक कार्यान्वित किया गया। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, हमारे प्रशिक्षित उम्मीदवारों को अपने विविध कैरियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और उन्हें इसके लिए उपयुक्त रूप से उन्मुख किया गया था। वर्ष 2016-17 से दिनांक 31.10.2024 तक पीएमकेवीवाई योजना के अंतर्गत पीएमकेके में प्रशिक्षित और नियुक्त उम्मीदवारों की राज्य-वार और क्षेत्र-वार संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है, जो मंत्रालय की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/loksabha पर उपलब्ध है। आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष 2016-17 से दिनांक 07.11.2024 तक पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों में प्रशिक्षित और नियुक्त उम्मीदवारों की जिला-वार, संसदीय क्षेत्र-वार और क्षेत्र-वार संख्या, विशेष रूप से बपातला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए, **अनुबंध-III** में दी गई है, जो मंत्रालय की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/loksabha पर उपलब्ध है।

(घ) वर्ष 2016-17 से दिनांक 31.10.2024 तक पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल केंद्रों द्वारा उपयोग की गई निधि का राज्य-वार और जिला-वार विवरण **अनुबंध-IV** में दिया गया है, जो मंत्रालय की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful-links/parl-ques/loksabha पर उपलब्ध है।

*****